


# ग्राम शारदा में सड़क नहीं मिली तो चारपाई बनी एंबुलेंस

## प्रसव पीड़िता को कीचड़ में ढोकर पहुंचाया अस्पताल, एक माह में दो प्रसूताओं को झेलनी पड़ी परेशानी

**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा /अमरवाड़ा, 16 सितंबर. मंगलवार को अमरवाड़ा जनपद पंचायत के सालीवाड़ा शारदा पंचायत के खजरी मोहल्ले में सड़क की बदहाली का एक मामला सामने आया है।**

मंगलवार सुबह 21 वर्षीय प्रदीपा पति राजकुमार उर्फ अंकित बट्टी को प्रसव पीड़ा होने पर ग्रामीणों ने चारपाई पर लिटाकर करीब एक डेढ़ किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से मुख्य मार्ग तक पहुंचाया।जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया।

बारिश के चलते रास्ते की स्थिति बेहद खराब होने से एंबुलेंस के गांव तक पहुंचने में परेशानी बताई गई। मजबूरी में ग्रामीणों को ही चारपाई का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीण मोतीराम भलावी, मुकेश उईके, अंकित बट्टी, तुकाराम उईके, राहुल उईके, चरणलाल बट्टी, प्रीतलाल धुर्वे, शर्मिला बट्टी सहित अन्य लोगों ने महिला को कंधों पर उठाकर रास्ता पार कराया।



### एक माह में दूसरी घटना

ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक महीने में यह दूसरी घटना है, जब प्रसव पीड़िता को इसी तरह चारपाई के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ा। उनका कहना है कि बारिश में कच्ची सड़क की हालत और खराब हो जाती है, जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी होती है।

### अमरवाड़ा एसडीएम, सीईओ ने मौके पर पहुंचे

सोशल मीडिया में खबर फैलते ही अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे, सीईओ जयदेव शर्मा, सहायक यंत्री एनएम ब्रम्हे मौका स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मामले में एसडीएम श्री धुर्वे ने बताया कि लगभग 30 से 35 मकान है जो की निजी भूमि में निवासरत हैं। कच्ची सड़क में कीचड़ की वजह से मेन रोड जाने में परेशानी हुई है। फिलहाल पंचायत को कच्ची सड़क में मुरम डालकर त्वरित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। सड़क वाली जमीन में से कुछ जमीन शासकीय और बाकी जमीन निजी है।

# शहर के चौक चौराहों और डिवाइडरों में प्रतिदिन की जाए सफाई : श्री नारायन



**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा ,16 सितंबर. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज नगर निगम की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।**

बैठक में नगर निगम कमिश्नर सी.पी.राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने निकाय क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, डिवाइडरों, पुलों एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने के लिए कहा साथ ही शासन द्वारा संचालित जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड से प्राप्त शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। कलेक्टर श्री नारायन ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्यों में तेजी लाने तथा पात्र हितग्राहियों को अधिकाधिक क्रेडिट कार्ड वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें लाभान्वित करने पर भी जोर दिया। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने राजस्व संग्रहण में अपेक्षित प्रगति लाने तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज परियोजना से संबंधित प्राप्त शिकायतों, रोड रेस्टोरेशन एवं अन्य संबंधित कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**भूमि का चिन्हांकन शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री नारायन ने शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के अंतर्गत भूमि चिन्हांकन की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों को यह कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे आगामी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से संपादित की जा सकें।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सुभाष पार्क छोटा तालाब में आज दीए किए जाएगें प्रज्वलित

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत संपूर्ण शहर में विशेष आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस अभियान के तहत नगर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों द्वारा 25,000 से अधिक आशीर्वाद के दीपक प्रज्वलित कर अपनी शुभकामनाएं दी जाएगी। इसी श्रृंखला में गुरुवार, 17 सितंबर को सायंकाल 07:00 बजे से स्थानीय छोटा तालाब स्थित सुभाष पार्क परिसर में एक भव्य एवं गरिमामय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष दीपोत्सव कार्यक्रम में शहरवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एकत्र होकर एक साथ आशीर्वाद के दीए प्रज्वलित करेंगे।

# कर्ज में डूबे पुत्र ने पिता की हत्या की

> ▸ मोबाइल गेम खेलने की लत से बाजार में हुआ कर्ज, पिता ने खेत बेचकर चुकाया था 12 लाख का कर्ज

**नवभारत न्यूज परासिया, 16 सितंबर. उमरेठ थाना क्षेत्र के ग्राम हेटी में मंगलवार की देर रात करीब 1 बजे पारिवारिक विवाद के दौरान एक पुत्र ने कथित रूप से अपने पिता पर हंसिया से हमला कर उनकी हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए छोटे भाई को भी हंसिया के वार से गंभीर चोटें आई हैं, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।**

घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गणेश पवार (58) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पुत्र अरुण पवार (32) बताया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी मोबाइल गेम खेलने का आदी था, जिसके चलते उस पर बाजार में कर्ज हो गया था। वह आए दिन पिता से पैसों की मांग करता था। बीते दिनों पिता ने एक खेत बेचकर उसके करीब 12 लाख रुपये का कर्ज चुकाया था। बताया गया कि मंगलवार की रात भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ।

विवाद के दौरान आरोपी ने पिता गणेश पवार पर हंसिया से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे छोटे भाई को भी हंसिया के वार से गंभीर चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही उमरेठ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी पुत्र के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## शासकीय स्कूल में चोरी की वारदात को दिया था अंजाम

**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा, 16 सितंबर. कुंडीपुरा पुलिस ने माल्हनवाड़ा शासकीय स्कूल में हुई चोरी के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया सामान बरामद किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को त्रिलोकी नगर निवासी राजेन्द्र कुमार तिवारी पिता केसरी प्रसाद तिवारी 57 वर्ष ने थाना कुण्डीपुरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था कि वह ग्राम माल्हनवाडा हाई स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत है,**



14 सितंबर को स्कूल में रविवार अवकाश था 15 सितंबर को रात्रि के समय घर पर सो रहा था तब मेरे अधिनस्थ शिक्षक पुरुषोत्तम पटेल ने रात्रि 3.30 बजे करीब फोन कर सूचना दिया कि अपने माल्हनवाडा स्कूल का ताला टूटा है मौके पर जाकर देखे तो ग्राम माल्हनवाडा स्कूल में लगा टकारा कंपनी का साउंड सिस्टम, 32 इंच एलसीडी टीवी तथा अन्य एक एलजी कंपनी की इन्ट्रेक्टिव पैनल 65 इंच टीवी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है. चोरी किए सामन की कीमत कुल कीमत 150000 रुपए है. इस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई. पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास के लोगों तथा मुखबिरों से प्राप्त सूचना पर संदेही अखिल भारती पिता भारत भारती 19 साल निवासी ग्राम माल्हनवाडा, प्रभात उर्फ राजा पिता संजू डेहरिया 18 साल निवासी कालीबस्ती से पूछताछ की तो दोनों आरोपी ने स्कूल में चोरी करने की बात पुलिस को बतया. पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशांदेही पर चोरी किया गया मशरूका टकारा कंपनी का साउंड सिस्टम, टीवी 32 इंच, अन्य एक ल्ल कंपनी की इन्ट्रेक्टिव पैनल 65 इंच बरामद किया है.





स्कैन करें

10 YEAR WARRANTY

BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

72198 21111

*नियम और शर्तें लागू. उल्लिखित ESRPs, SD USD सिंगल सीट वेरिएंट के हैं. स्टंट्स विशेषज्ञों द्वारा, पेशेवर निगरानी में, नियंत्रित और बंद वातावरण में, आम जनता या सार्वजनिक सड़कों से अलग रहकर किए गए हैं. इन स्टंट्स को दोहराने का प्रयास न करें और हमेशा यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Chhindwara:** SUNIL BAJAJ 222203**. 7771003685, Chandangaon :7771003685.**



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589